# अध्याय - 7 | मानव स्वास्थ्य और रोग

## QUIZ-01

1. **मनुष्यों में मलेरिया किस रोगजनक से होता है?**
   A. प्लास्मोडियम
   B. एंटअमीबा
   C. ट्रिपैनोसोमा
   D. लीशमेनिया (A)

*व्याख्या:* मलेरिया एक प्रोटोजोआ रोग है, जो प्लास्मोडियम द्वारा फैलता है और मादा एनोफिलीज मच्छर के माध्यम से संचारित होता है।

2. **टीकाकरण से किस प्रकार की रोग प्रतिरक्षा प्राप्त होती है?**
   A. स्वाभाविक निष्क्रिय B. कृत्रिम निष्क्रिय
   C. कृत्रिम सक्रिय D. स्वाभाविक सक्रिय (C)

*व्याख्या:* टीकाकरण शरीर को एंटीबॉडी बनाने के लिए प्रेरित करता है, इसलिए यह कृत्रिम सक्रिय रोग प्रतिरक्षा है।

3. **HIV में 'H' का क्या अर्थ है?**
   A. ह्यूमन (मानव)
   B. होस्ट
   C. हीमोरेजिक
   D. हेल्पर (A)

*व्याख्या:* HIV का पूरा नाम Human Immunodeficiency Virus है।

4. **Wuchereria bancrofti किस रोग का कारण बनता है?**
   A. एस्केरियासिस B. फाइलेरियासिस
   C. टाइफॉयड D. कुष्ठ रोग (B)

*व्याख्या:* फाइलेरियासिस या हाथीपाँव रोग Wuchereria bancrofti नामक कृमि से होता है।

5. **HIV किन रोग प्रतिरक्षा कोशिकाओं को नष्ट करता है?**
   A. बी लिम्फोसाइट
   B. हेल्पर टी कोशिकाएँ
   C. बेसोफिल्स
   D. न्यूट्रोफिल्स (B)

*व्याख्या:* HIV वायरस विशेष रूप से हेल्पर टी कोशिकाओं (CD4+) को नष्ट करता है।

6. **निम्नलिखित में से कौन-सा जीवाणुजनित (bacterial) रोग है?**
   A. रिंगवर्म B. टाइफॉयड
   C. मलेरिया D. अमीबियसिस (B)

*व्याख्या:* टाइफॉयड साल्मोनेला टाइफी नामक जीवाणु से होने वाला संक्रमण है।

7. **एंटीबॉडी बनाने वाली कोशिकाएँ कौन-सी होती हैं?**
   A. बी-लिम्फोसाइट्स
   B. टी-लिम्फोसाइट्स
   C. मैक्रोफेज
   D. मास्ट कोशिकाएँ (A)

*व्याख्या:* बी-लिम्फोसाइट्स सक्रिय होकर प्लाज़्मा कोशिकाओं में बदलते हैं जो एंटीबॉडी बनाती हैं।

8. **शरीर में संक्रमण की स्मृति कौन प्रदान करता है?**
   A. न्यूट्रोफिल्स
   B. मेमोरी कोशिकाएँ
   C. बेसोफिल्स
   D. मैक्रोफेज (B)

*व्याख्या:* मेमोरी B और T कोशिकाएँ पुराने संक्रमणों को याद रखती हैं और भविष्य में तेजी से प्रतिक्रिया देती हैं।

9. **पेपेवर सोमनीफेरम (Papaver somniferum) पौधे के लैटेक्स से कौन-सी औषधि प्राप्त होती है?**
   A. कोकीन
   B. मॉर्फिन
   C. हेरोइन
   D. एलएसडी (B)

*व्याख्या:* मॉर्फिन, एक पीड़ा निवारक औषधि है जो पॉपी (पोस्त) पौधे के लैटेक्स से प्राप्त होती है।

10. **निम्न में से कौन-सी एक मतिभ्रम उत्पन्न करने वाली औषधि (hallucinogen) है?**
    A. मॉर्फिन
    B. शराब
    C. एलएसडी
    D. निकोटिन (C)

*व्याख्या:* LSD एक मतिभ्रम उत्पन्न करने वाली औषधि है जो व्यक्ति की अनुभूति और चेतना को प्रभावित करती है।

मिशन ज्ञान पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES